पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद बस्ती में शंकुस कैंसर अस्पताल का शुभारंभ किया

लखनऊः 04 सितम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद बस्ती में अपने एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में जनपद में नवनिर्मित शंकुस कैंसर अस्पताल, बस्ती का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित अस्पताल प्रशासन के सभी चिकित्सक, कर्मचारी तथा अन्य स्वाथ्यकर्मियों ने अस्पताल परिसर में कैंसर के मरीजों हेतु उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में राज्यपाल जी को अवगत कराया। राज्यपाल जी ने कैंसर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल जाना तथा कैंसर का कारण पूछते हुए उन्हें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि जनपद बस्ती में शंकुस कैंसर अस्पताल की शाखा खुलने से यहाँ के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशे की आदत से दूर रहने

तथा समाज में नशा उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कैंसर एक गंभीर रोग है। इस रोग से बचाव हेतु लोगों को कैंसर के बारे में जागरूक किया जाना जरूरी है, जिससे समय से इस बीमारी का पता लगाया जा सके और मरीजों का जीवन बचाया जा सके। राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के प्रयासों हेतु जोर दिया।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने उपस्थितजनों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कई लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि सरकार विभिन्न लाभार्थीपरक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों, असहायों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर जनपद बस्ती के जनप्रतिनिधि, मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, आईजी आर.के. भारद्वाज, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, आई.एम.ए. के अध्यक्ष डा0 अनिल श्रीवास्तव विभागीय अधिकारी एवं चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा अस्पताल के प्रबन्धक, चिकित्सक एवं कर्मचारी तथा अन्य उपस्थित रहे।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

कैंसर अस्पताल
Shankus MEDICITY
CANCER HOSPITALS
परिवार सा एहसास
गरिमामय उपस्थिति